तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 24 जुलाई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 खरीफ धान खरीदी में कर्मचारियों एवं हमाली लेबर के भुगतान में भारी अनियमितता का आरोप



## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम सरगवां निवासी शंभू दयाल सिंह आ.सत्य नारायण (38 वर्ष) शहर स्थित एक मोबाइल दुकान में काम करता था। बुधवार को बाइक से काम करने मोबाइल दुकान आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार सलका मोड के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बस के केबिन से गिरा कंडेक्टर, मौत

**अम्बिकापुर।** नमनाकला रिंग रोड निवासी शैलेंद्र दुबे आ. विजय (41 वर्ष) गुप्ता बस में कंडेक्टर का काम करता था। बुधवार को गढ़वा जाने वाली बस पर चढ़कर केबिन पर सामान बांध रहा था। इसी दौरान चालक अचानक बस को आगे बढ़ा दिया जिससे अनियंत्रित होकर कंडेक्टर शैलेंद्र दुबे नीचे गिर गया जिससे चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख बस स्टाफ सहित आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान कंडेक्टर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## रोकी गई 71 लाख से अधिक की राशि


# सरगुजा में 7 हजार 143 महिलाओं की नहीं हो पाई ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना में बड़ी जानकारी निकलकर सामने आई है। सरगुजा जिले में 7 हजार से अधिक महिलाएं ऐसी है जिन्होंने ई केवाईसी नहीं कराया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इन महिलाओं के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है लेकिन इनमें से ज्यादातर का पता नहीं चल पा रहा है। यही वजह है कि जिले में इन महिलाओं के 71 लाख रुपए से अधिक की राशि को इस महीने रोक दिया गया है।

**खास बात**
- ज्यादातर हितग्राहियों का नहीं चल पाया पता

बता दें कि महतारी वंदन प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। वर्तमान में इस योजना के तहत हितग्राहियों की राशि रोकने के साथ ही नाम काटे जाने को लेकर विधानसभा में काफी हंगामा भी हुआ। इस बीच सरगुजा जिले से भी बड़ी जानकारी निकलकर सामने आई है। जिले में 7 हजार 143 महिलाएं ऐसी है जिनका विभाग को पता नहीं चल पा रहा है। ऐसा इस लिए क्यों कि इन महिलाओं का ई केवाईसी अब तक नहीं हुआ। ऐसे में बड़ा सबल उठ रहा है कि जिन महिलाओं ने ई केवाईसी नहीं कराया वो कौन लोग है। क्या वे




अपात्र है और दूसरे जिले से आकर रह रहे है। फिलहाल उन महिलाओं के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। यही वजह है कि ई केवाईसी नहीं होने के कारण शासन से जिले की 7 हजार 143 महिलाओं की 71 लाख 43 हजार रुपए की राशि को रोक दिया गया है। सरगुजा जिले एमपी, यूपी, झारखंड जैसे राज्यों से बड़ी संख्या में लोग रोजगार के लिए आते है और अब आशंका जताई जा रही है कि इनमें से भी कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से दस्तावेज बनाकर महतारी वंदन योजना का लाभ लिया है यही वजह है कि योजना के तहत ई केवाईसी का कार्य कराया जा रहा है। वहीं अपात्रों से राशि वसूली की जाएगी।

### निवासी प्रमाण पत्र की अनिवार्यता

महतारी वन्दन योजना में बड़े पैमाने पर अपात्र लोगों के शामिल होने की संभावनाओं के बाद ई केवाईसी के साथ ही निवास प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को भी लागू कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि हितग्राहियों को निवास प्रमाण पत्र जमा करना होगा। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि कई लोगों के थम्ब स्कैन नहीं होने सहित अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण भी ई केवाईसी नहीं हो पा रही है। वही कुछ लोग बाहर चले गए है। जबकि बड़ी संख्या में लोगों का पता नहीं चल रहा है।

### रोकी गई है राशि

ई केवाईसी नहीं होने के कारण भुगतान शासन स्तर से रोका गया है। ई केवाईसी कराया जा रहा है। तकनिकी दिक्कतों के कारण भी कुछ हितग्राहियों की ई केवाईसी नहीं हो पाई है। ई केवाईसी होने के बाद अगले महीने राशि अपने आप हितग्राही के खाते में जारी हो जाएगी।

**-जेआर प्रधान**, जिला कार्यक्रम अधिकारी

## शासकीय अस्पताल लटोरी में चिकन-शराब पार्टी का वीडियो वायरल, सीएमएचओ ने की कार्रवाई

**बिश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी में अस्पताल परिसर के भीतर कर्मचारियों द्वारा कथित रूप से चिकन और शराब पार्टी किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल देव पैकरा ने मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए दो कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, वहीं एक संविदा सफाई कर्मी की सेवा समाप्त कर दी गई है।

- वार्ड बॉय व फार्मासिस्ट किये गए निलंबित, सफाई कर्मी किये गए सेवामुक्त

जारी आदेश के अनुसार अस्पताल में पदस्थ वार्ड बॉय प्रेम कुशवाहा तथा फार्मासिस्ट ग्रेड-2 रंजीत जायसवाल को कार्य में लापरवाही बरतने और अस्पताल परिसर में मांस एवं मदिरा सेवन से जुड़ी घटना का वीडियो सोशल मीडिया में प्रसारित होने के मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। इसके आधार पर दोनों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि के दौरान दोनों कर्मचारियों का मुख्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, ओड़गी निर्धारित किया गया है। वहीं मामले में शामिल चंद्रजीत राजवाड़े, जो जीवनदीप समिति के अंतर्गत सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत था, उसकी सेवाएं समाप्त करने का आदेश भी जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अस्पताल परिसर में शराबखोरी और अनुशासनहीनता से जुड़े मामलों की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी ऐसे मामलों की शिकायतें सामने आती रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे थे, जिसके बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ दंडात्मक कदम उठाए हैं।



## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**
1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **55 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक।**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक।**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006
महोदय,
.......................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .......................... 2. पिता / पति ..........................
3. जन्म तिथि अंकों में .......................... 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .......................... पोस्ट .......................... तहसील ..........................
थाना .......................... जिला .......................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .......................... मो. नं. 2 .......................... वाट्सअप नं. ..........................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..........................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)



## खबर संक्षेप

### सीबीएसई ईस्ट जॉन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शौर्य वर्धन ने जीता स्वर्ण पदक

**अम्बिकापुर।** सीबीएसई ईस्ट जॉन ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन पुरुलिया पश्चिम बंगाल में किया गया।



प्रतियोगिता में माउंट लिटरा स्कूल के छात्र शौर्य वर्धन सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। शौय वर्धन सिंह का चयन नेशनल के लिए किया गया है। शौय वर्धन की इस उपलब्धि से शहर के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

### भाजयुमो ने किया धरना-प्रदर्शन जताया आक्रोश



**अम्बिकापुर।** भाजयुमों ने जिला महामंत्री विनोद हर्ष, जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला की उपस्थिति में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री आवास का घेराव करने के विरोध में घड़ी चौक पर धरना-प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान विनोद हर्ष ने कहा कि कांग्रेस देश में अराजकता का वातावरण बनाने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरूद्ध अमर्यादित भाषा, निराधार आरोप और प्रधानमंत्री आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत है। कांग्रेस युवाओं के मुद्दों को राजनीतिक रंग देकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है, जबकि भाजपा हमेशा लोकतांत्रिक एवं मर्यादित राजनीति में विश्वास रखती है। मधुसूदन शुक्ला ने कहा कि बिना पूर्व सूचना प्रधानमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन करना राहुल गांधी की राजनीतिक उच्छृंखलता का दर्शाता है। देश की जनता संविधान और लोकतांत्रिक संस्थानों का सम्मान करती है तथा अराजकता की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी। उपाध्यक्ष मधु चौदहा ने कहा कि कांग्रेस जनता के वास्तविक मुद्दों से भटककर केवल राजनीतिक नौटंकी करने में लगी है। जिलाध्यक्ष निशांत सिंह सोलू ने कहा कि युवा मोर्चा देश, लोकतंत्र और संविधान के सम्मान के लिए सदैव खड़ा रहेगा। अन्य वक्ताओं ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान निश्चल प्रताप सिंह, रूपेश दुबे, शुभांगी बिहाड़े, प्रियंका चौबे, नीलम राजवाड़े, सरस्वती यादव, नलिनी पाण्डेय, राखी यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विकास शुक्ल बने भाजयुमो के बलरामपुर-रामानुजगंज जिला प्रभारी

**अम्बिकापुर।** प्रदेश भाजयुमो ने संभाग प्रभारी एवं जिला प्रभारियों की घोषणा की है जिसके तहत विकास शुक्ल को बलरामपुर रामानुजगंज



जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। विकास शुक्ल संगठन में लंबे समय से सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने पूर्व में संगठन के विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है तथा वर्तमान में भी भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश आईटी प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। पूर्व में भाजयुमों सरगुजा में जिला उपाध्यक्ष जिला मंत्री, नगर प्रशिक्षण प्रमुख व नगर कार्यसमिति सदस्य के दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। संगठन में उनकी सक्रियता एवं लंबे अनुभव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

### सर्पदंश से गंभीर महिला की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** सर्पदंश से गंभीर महिला की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। महिला पति व बेटी के साथ जमीन पर सोई थी तभी जहरीले सांप ने डस लिया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बाग बहार अंतर्गत ग्राम छाता सरई घर्राटांगा निवासी ममता पति श्रवण नागवंशी (22 वर्ष) 20 जुलाई की रात पति व बेटी के साथ घर के जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रही थी। इसी दौरान देर रात महिला के पैर में जहरीले सांप ने डस लिया। सांप के डसने पर महिला ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल उसे पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## प्रबंधक को हटाने की मांग, कलेक्टर से शिकायत

# खरीफ धान खरीदी में कर्मचारियों एवं हमाली लेबर के भुगतान में भारी अनियमितता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, पंजीयन क्रमांक 2646 में पदस्थ प्रबंधक नवल साय पर धान खरीदी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान कर्मचारियों एवं हमाली लेबर के भुगतान में अनियमितता और फर्जीवाड़े का आरोप लगाया गया है। साथ ही प्रबंधन को हटाए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर से शिकायत की है।

**खास बात**
- दूसरे समिति के मजदूरों को किया गया भुगतान

चन्द्रभान ने कलेक्टर जनदर्शन में प्रस्तुत आवेदन में आरोप लगाया है कि धान खरीदी कार्य केवल 46 दिनों तक संचालित हुआ, जबकि कुछ कर्मचारियों और हमाली लेबरों को 48 दिनों का भुगतान किया गया।जो व्यक्ति धान खरीदी कार्य में शामिल ही नहीं थे उन्हें भी 154 दिनों तक का फर्जी भुगतान दर्शाकर राशि आहरित की गई। शिकायत में बताया गया है कि नियमानुसार भुगतान केवल धान खरीदी अवधि तक ही किया जाना चाहिए। धान खरीदी समाप्त होने के बाद धान उठाव कार्य का भुगतान संबंधित राइस मिलर्स द्वारा नगद किया जाता है। इसके बावजूद शासन की महत्वपूर्ण धान खरीदी योजना के तहत प्राप्त राशि का कथित रूप से गलत उपयोग कर शासन एवं समिति को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया।




### गलत तरीके से की गई राशि का भुगतान

हमाली लेबरों को गलत तरीके से राशि का भुगतान किया गया है जिसमें मुनेश्वर– 55,780.00 रुपये, मान साय 51,220.00 रुपये, पवन – 6,080.00 रुपये, अबीरन–52,260.00 रुपये, अमन सिंह एक्स – 47,290.00 रुपये, कैलाश सिंह 46,738.00 रुपये, डबलु – 54,680.00 रुपये, नंदू – 53,350.00 रुपये, धनपेट 53,730.00 रुपये, कुमार साय 54,592.00 रुपये, बच्चा लाल 54,300.00 रुपये, मानिक 55,930.00 रुपये, महेश 53,600.00 रुपये दर्शाया गया है।

### दूसरे समिति के श्रमिकों को भुगतान

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि कैलाश एवं अमन सिंह नामक हमाली श्रमिक दूसरे समिति में कार्यरत थे, इसके बावजूद उन्हें अमल भिट्ठी समिति से धान खरीदी मद का भुगतान किया गया। शिकायत में इस भुगतान की वैधता पर सवाल उठाते हुए इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

### कई गई है शिकायत

इस मामले की शिकायत कई बार जनदर्शन, सुशासन तिहार तथा सीएम हेल्पलाइन में ऑनलाइन दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक प्रबंधक नवल साय के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। चंद्रभान राजवाड़े आरोप है लाखों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है। जांच के दौरान अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा उनका बयान भी दर्ज नहीं किया गया है। साथ ही दूसरे विभाग से जांच करने की मांग की है।

### जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई

अमल भिट्ठी धान खरीदी समिति में धान बोरी भरने के काम करने वाले मजदूरों की ज्यादा मजदूरी या दो धान खरीदी केंद्र समिति से भुगतान समिति प्रबंधन द्वारा किया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सुरेश पैकरा
सहकारिता विस्तार अधिकारी



## विधायक शकुंतला ने किया सहयोग फाउंडेशन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

क्षेत्र में समाज सेवा और जनकल्याण की दिशा में एक नई पहल की शुरुआत करते हुए सहयोग फाउंडेशन का भव्य शुभारंभ किया गया। धर्मार्थ एवं सामाजिक सेवा के उद्देश्य से स्थापित इस संस्था का विधिवत उद्घाटन विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने किया।

उद्घाटन के दौरान विधायक ने संस्था के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए ऐसे संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर, जरूरतमंद और वंचित वर्ग की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। सरकार अपने स्तर पर अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, लेकिन सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी से इन योजनाओं का लाभ और अधिक प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सहयोग फाउंडेशन यदि सेवा, समर्पण और पारदर्शिता की भावना के साथ कार्य करेगा तो निश्चित रूप से समाज में एक अलग पहचान स्थापित करेगा। मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं से भी सामाजिक सरोकारों से जुड़कर राष्ट्र और समाज निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। सहयोग फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह एक चैरिटेबल संस्था है, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय और वंचित वर्ग के लोगों तक शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, वस्त्र, आश्रय एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोग करना है। इस दौरान शिवम गुप्ता, सौरभ गुप्ता, विलियम मिंज, शुभम जायसवाल, नीलकंठ, ऋषभ व अन्य मौजूद रहे।

## एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव 10 अगस्त को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल इंडिया और उसकी अनुषंगी कंपनियों के लाखों कोयला श्रमिकों से जुड़े लंबित मुद्दों को लेकर चार केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। एटक, एचएमएस, सीटू, इंटक की संयुक्त फेडरेशन की ऑनलाइन जूम बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 अगस्त को कोल इंडिया और उसकी सभी अनुषंगी कंपनियों के सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालयों का संयुक्त घेराव कर एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता आईएमडब्ल्यूएफ के महासचिव रामेन्द्र कुमार ने की। इसमें चारों केंद्रीय श्रमिक संगठनों के 28 प्रतिनिधियों ने भाग लेकर आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। नेताओं ने कहा कि श्रमिकों की वर्षों से लंबित मांगों पर प्रबंधन की ओर से अपेक्षित पहल नहीं होने के कारण अब व्यापक आंदोलन का रास्ता अपनाना आवश्यक हो गया है।

बैठक में एटक की ओर से रामेन्द्र कुमार, अशोक यादव, लखनलाल महतो, अजय विश्वकर्मा और सीजे जोसेफ, एचएमएस की ओर से हरभजन सिंह सिद्धू और अशोक पांडेय, इंटक की ओर से कुमार जय मंगल सिंह और एसक्यू जामा, जबकि सीटू की ओर से डीडी रामानंदन, वीएम मनोहर तथा के. श्रीवास्तव सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में तय किया गया कि 10 अगस्त के आंदोलन का मुख्य उद्देश्य कोयला श्रमिकों की दो अहम मांगों को लेकर दबाव बनाकर जेबीसीसीआई 12 का तत्काल गठन, 11 वें वेतन समझौते के लंबित मुद्दों का शीघ्र क्रियान्वयन की मांग की जाएगी। श्रमिक नेताओं का कहना है कि इन मांगों के लंबे समय से लंबित रहने से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 11 और 12 सितंबर को रांची में चारों कोल फेडरेशनों का संयुक्त कोल कन्वेंशन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में देशभर के कोयला क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रतिनिधि जुटेंगे और आगे की रणनीति तय की जाएगी। साथ ही चारों फेडरेशन संयुक्त रूप से कोल इंडिया के अध्यक्ष को पत्र भेजकर लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग भी करेंगी। चारों केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने एसईसीएल सहित कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों के कर्मचारियों और यूनियन पदाधिकारियों से 10 अगस्त के आंदोलन को सफल बनाने के लिए अभी से व्यापक तैयारी शुरू करने का आह्वान किया है। कोयला उद्योग में इस संयुक्त आंदोलन को आगामी वेतन वार्ता और श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी एटक महासचिव अजय विश्वकर्मा ने दी है।

## भोजन करते समय अचेत हुआ ग्रामीण, मौत

**अम्बिकापुर।** भोजन करने के दौरान ही ग्रामीण अचेत हो गया। परिजन ग्रामीण को बेहोशी हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम खलिबा निवासी पंचपाल यादव आ. स्व. रामधनी यादव (52 वर्ष) बीती रात परिजन के साथ बैठकर भोजन कर रहा था। इसी दौरान अचानक बेहोश हो गया। परिजन पंचपाल को अचेत देख तत्काल उसे निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार (नावापारा वृत्त) सीतापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
प्र.क्र. / 202607021500014 / अ-6 / 2025-26

**:: ईश्तहार ::**

एतद द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि - आवेदक गण उर्मिला, शीला, परमिला आ. शिवराम जाति उराँव निवासी भारतपुर तहसील सीतापुर के द्वारा आवेदक के स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम भारतपुर में कुल खसरा नं. 13 एवं कुल रकबा 2.161 हे. भूमि अवस्थित है। फौती नामांतरण कराते समय आवेदक गण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज होने से छूट गया है। जिस कारण उक्त भूमि में आवेदक गण अपना नाम अनावेदक गण दिलराम, दीपक आ. स्व. शिवराम जाति उराँव के साथ राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू. राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन बी-1, की कापी संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से दिनाँक 31.07.2026 तक न्यायालयीन समय में पेश कर सकता है। समय - सीमा बाद प्राप्त दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**सीतापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज छ.ग.**
रा.मा. क्र.- /ब-121/ 2025–26
ग्राम-सिधमा प.ह.नं.- उप तह. बरियों

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता ग्राम सिधमा प.ह.नं.-उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज को सूचित किया जाता है कि आवेदक सगन पैकरा आ./पति स्व. नेतु जाति कंवर निवासी ग्राम सिधमा तहसील–राजपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज द्वारा स्वयं के भाई तिलोचन आ. स्व. नेतु राम का मृत्यु दिनांक 27.07.2012 को ग्राम सिधमा घर में हुई है। किन्तु जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र पेश।

उपरोक्त जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र में उज्जर आपत्ति या दावा हो या हितबद्ध पक्षकार हो तो वह स्वयं, अथवा वैध अभिकर्ता अथवा अभिभाषक के दिनांक-10 / 08 / 2026 को न्यायालयीन समय में दावा या आपत्ति हो तो पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक-23 / 07 / 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बरियों**
**जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

## सोनगरा स्कूल में किया गया शाला प्रबंधन समिति का गठन

**सोनगरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनगरा में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित इस निर्वाचन में अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई गई, जिसके बाद नई समिति का



गठन किया गया।समिति के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में वार्ड पंच सीताराम सिंह ने पूर्व अध्यक्ष धनेश्वर राजवाड़े को 22 मतों के अंतर से पराजित कर अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही उपस्थित अभिभावकों, ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया। उपाध्यक्ष पद पर पूर्व सरपंच ओमप्रकाश पैकरा निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन उपरांत गठित शाला प्रबंधन एवं विकास समिति में राजेश पोर्ते, राम सिंह, मुन्ना सिंह श्याम, सादराम सिंह, संजय मिश्रा, मोहरसाय पैकरा, सभापति, उर्मिला, ललिता, व्याख्याता जगरनाथ पैकरा तथा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य परमेश्वर पैकरा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। समिति के गठन के बाद सभी सदस्यों ने विद्यालय के विकास, विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार तथा शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.**
रा.प्र.क्र.- /अ-6/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण एकबाल सिंह, गुरूपाल सिंह, जितेन्दर कौर, पतविन्दर कौर आ.स्व. विद्याल सिंह बाबरा, मंजीत कौर पति स्व. सतपाल सिंह बाबरा, अर्शराज सिंह, सोनल सिंह, अनु सिंह आ.स्व. सतपाल सिंह बाबरा सभी द्वारा श्री एकबाल सिंह बाबरा, निवासी बौरीपारा अम्बिकापुर, तह. अ.पुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर के प्रथम अपील क्रमांक 32/1976 के निर्णय दिनांक 18.03.1980 तथा माननीय उच्च न्यायालय छ.ग. बिलासपुर के WPC No. 3419 of 2019 में पारित आदेश दिनांक 25.09.2025 के आधार पर आवेदित भूमि 1163/1 रकबा 0.40 एकड़ भूमि पर आवेदकगण का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 06/08/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक- 21/07/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL — CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल, सुरक्षित प्रसव सुविधा, बांझपन परामर्श एवं उपचार, पीसीओडी/पीसीओएस
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS

सरगुजा मार्केट

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
दिनांक - 26 जुलाई 2026, दिन - रविवार
विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
मो. : 7587722255

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
95224-66664, 62622-22003 | 9826446666 | 95224 66605

भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नहीं होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
डॉ. दिलीप लालवानी
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
07714024989 | 9329124989

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मो. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वास्सी शिफा
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मो. 9753266386

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
ANU SHARMA 9109920477

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### सेमरा कठरा के किसानों को राजस्व पट्टा एवं किसान किताब दिलाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** ग्राम पंचायत सेमरा कठरा के किसानों को राजस्व पट्टा एवं किसान किताब उपलब्ध कराने की मांग तेज हो गई है। भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जशपुर जिला प्रभारी अशोक रस्तोगी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन भेजकर इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सेमरा कठरा वर्ष 2014-15 में राजस्व ग्राम घोषित किया गया था। गांव का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है तथा नक्शा-खसरा तैयार कर एसडीएम द्वारा कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा को भेजा जा चुका है। बावजूद इसके निवासरत करीब 200 किसानों को अब तक राजस्व पट्टा और किसान किताब नहीं मिल सकी है। अशोक रस्तोगी ने कहा कि किसानों को वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया चल रही है, जबकि ग्रामीणों की मांग राजस्व पट्टा दिए जाने की है। वन अधिकार प्रमाण पत्र मिलने से किसानों को कई शासकीय योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। साथ ही बच्चों को जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।अशोक रस्तोगी ने सेमरा कठरा के किसानों राजस्व पट्टा एवं किसान किताब प्रदान करने की मांग की गई है।

### नीट पेपर लीक व बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन



**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रधानमंत्री का प्रतिकात्मक पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस प्रदेश संयुक्त महामंत्री की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी पर नीट पेपर लीक, ख़राब अर्थव्यवस्था, बेतहाशा महंगाई कर देश के छात्रों का भविष्य ख़राब करने का आरोप लगाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया,पुलिस ने पुतला छीनने का प्रयास किया मगर कार्यकर्ता झुमझटकी के बीच पुतला जलाने में सफल रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाज़ी भी की।कार्यक्रम को नरेश राजवाड़े, अश्विनी सिंह, रमेश दनोदिया, ज़फ़र हैदर, अनुपम फिलिप ने संबोधित किया,इस दौरान रणविजय सिंह, मनोज डालमिया, आशीष यादव, पार्षद चंदन सिंह, आकाश साहू, भावना नेताम, वीरेंद्र मिश्रा, मेहताब आलम, अविनाश यादव, सज्जाद खान, संजय सोनी, दिलीप सोनी, पार्षद हर्ष दनोदिया, पार्षद संतोष जायसवाल, रूप नारायण राजवाड़े, नीरज सिंह, संदीप शर्मा, धर्मेंद्र बिट्ठल, दीप्ति स्वाईं, छन्दा श्री, गीता पुरी, रश्मि शर्मा, चंदा सिंह, राजकुमारी जायसवाल, निशा तिर्की सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रैली निकाल कांग्रेसियों ने किया विरोध-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**धौरपुर।** प्रदेश संगठन के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गुरूवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम सिंह के नेतृत्व में पेट्रोल पंप चौक से रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया तथ पुतला फूंका। रैली नगर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंची तहां पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेने एवं पेपर लीक मामले में कठोर कानून बनाए जाने की मांग की गई है। रैली में गंगा प्रसाद, दिलीप गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, मनोज यादव, संजय सिंह, सुभाष यादव, फरीद खान, अतुल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने पैदल मार्च कर किया विरोध प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**लखनपुर।** शिक्षा व्यवस्था में भारी अनियमितता और जंतर मंतर पर हुए छात्रों के साथ पुलिस द्वारा किए गए लाठी चार्ज के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय कांग्रेस कार्यालय से लेकर माता कर्मा चौक हनुमान मंदिर तक शांतिपूर्ण तरीके से पैदल मार्च निकाला और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से तीन सूत्रीय मांगों के पूरा किए जाने की बात कही गई है। तीन सूत्रीय मांगों में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा,जंतर मंतर पर हुए छात्रों के साथ अमानवीय व्यवहार में दोषियों के ऊपर कार्यवाही और नीट के पेपर लीक मामले में संसद में चर्चा कर दोषियों के उपर कार्यवाही की मांग की गई है। पैदल मार्च कांग्रेस कार्यालय से निकल नगर के बसस्टैंड होते हुए हनुमान मंदिर तक पहुँचा जहाँ केन्द्र सरकार के ख़िलाफ़ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान अमित सिंहदेव,वीरेंद्र सिंह देव, शराफत अली, सतेंद्र राय, रमेश जायसवाल, जगरोपण यादव, अजर राम चौधरी, इरशाद खान, गप्पू खान, भूपेंद्र जायसवाल, स्वप्निल शर्मा, भूपेंद्र सिंह, भानु राजवाड़े, मकसूद हुसैन, इमरान हुसैन सहित अन्य मौजूद रहे।

### चीफ पायलट कैप्टन, टेक्निकल एडवाइजर, कैप्टन सहित अधिकारियों की टीम ने किया निरीक्षण

# तामेश्वर नगर हवाई पट्टी के उन्नयन की दिशा में बड़ा कदम, लोगों में जगी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

क्षेत्र के विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। अब रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र का तामेश्वर नगर भी भविष्य में हवाई यातायात से जुड़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री रामविचार नेताम के निरंतर प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। लोगों का कहना है कि तामेश्वर नगर हवाई पट्टी का शीघ्र उन्नयन कर हवाई सेवाएं प्रारंभ होती हैं, तो रामानुजगंज विधानसभा ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर छत्तीसगढ़ में व्यापार, पर्यटन, निवेश, चिकित्सा सुविधाओं और आपदा प्रबंधन को नई गति मिलेगी।

**खास बात**
- एयरपोर्ट के रूप में भी विकसित करने की संभावनाएं

छत्तीसगढ़ शासन के चीफ पायलट कैप्टन देवेंद्र सचान, टेक्निकल एडवाइजर अनिल कुमार राय तथा कैप्टन ओंकार तिवारी सहित विशेषज्ञ अधिकारियों की टीम ने लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ तामेश्वर नगर हवाई पट्टी का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों तथा भविष्य में हवाई संचालन की संभावनाओं का गहन परीक्षण किया गया। चीफ पायलट कैप्टन देवेंद्र सचान ने स्वयं कई बार फोर-व्हीलर वाहन चलाकर पूरी हवाई पट्टी का परीक्षण किया तथा उसके गुण-दोषों का तकनीकी मूल्यांकन करते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार एवं उन्नयन के निर्देश दिए। अधिकारियों ने हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाने, आवश्यक तकनीकी सुविधाएं विकसित करने तथा अन्य आधारभूत व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान स्वरूप में आवश्यक तकनीकी सुधार पूर्ण होने के बाद इस हवाई पट्टी का उपयोग प्रारंभिक रूप से शासकीय विमान तथा एयर एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं के लिए किया जा सकता है, जिससे क्षेत्रवासियों को गंभीर परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा एवं राहत सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। भविष्य में इसे नियमित हवाई यातायात के अनुरूप विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। इस संबंध में वन विभाग से जुड़े अधिकारियों के साथ भी विशेषज्ञ टीम ने विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक जानकारियां प्राप्त कर आगामी कार्ययोजना के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर, तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावा भारतीय जनता पार्टी के नेता जयप्रकाश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि शैलेश गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, सिद्धांत यादव, कमल मंडल, कर्णधर राय, गौरव राज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।



हवाई पट्टी का निरीक्षण करते अधिकारी।

**निरीक्षण से जगी उम्मीद**

निरीक्षण के बाद क्षेत्र में यह उम्मीद और मजबूत हुई है कि मंत्री रामविचार नेताम के प्रयासों से तामेश्वर नगर हवाई पट्टी शीघ्र ही जनसामान्य के लिए हवाई सेवाओं हेतु उपलब्ध हो सकती है। विशेषज्ञ अधिकारियों ने लगभग 15 वर्ष पूर्व निर्मित इस हवाई पट्टी की सराहना करते हुए कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में उस समय इस प्रकार की दूरदर्शी पहल अत्यंत महत्वपूर्ण थी। उन्होंने कहा कि भविष्य में यह हवाई पट्टी क्षेत्र के विकास का नया द्वार खोल सकती है तथा इसे आगे चलकर एक कमर्शियल एयरपोर्ट के रूप में भी विकसित किए जाने की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

**आपदा प्रबंधन को मिलेगी नई गति**

क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि तामेश्वर नगर हवाई पट्टी का शीघ्र उन्नयन कर हवाई सेवाएं प्रारंभ होती हैं, तो रामानुजगंज विधानसभा ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर छत्तीसगढ़ में व्यापार, पर्यटन, निवेश, चिकित्सा सुविधाओं और आपदा प्रबंधन को नई गति मिलेगी। यह उपलब्धि क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री रामविचार नेताम की दूरदर्शी सोच और निरंतर प्रयासों का महत्वपूर्ण परिणाम मानी जा रही है।



## मेडिकल कॉलेज अस्पताल से फरार हुआ मरीज, परिजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीज फरार हो गया। मरीज के अचानक लापता हो जाने से परिजन परेशान है। हैरानी की बात तो यह है कि अस्पताल में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात है बावजूद इसके मरीज के फरार हो जाने से अब प्रबंधन सहित सुरक्षा गार्ड के कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे है। इधर मरीज की तलाश के लिए परिजन थाना के चक्कर लगा रहे है।

जानकारी के अनुसार पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम बासेन निवासी लाल बिहारी रवि आ. रामनाथ रवि (40 वर्ष) को सोमवार को अचानक झटका जाने पर परिजन उसे राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मरीज की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। लाल बिहारी को मेडिकल वार्ड में भर्ती कर चिकित्सक उपचार कर रहे थे। मंगलवार को दिन लगभग 11.30 बजे पत्नी श्रद्धा पति के साथ वार्ड में थी। इसी बीच मरीज लाल बिहारी बाथरूम की ओर जाने लगा जिसे देख पत्नी बाथरूम जाने की आशंका पर वार्ड में थी। पति के वापस नहीं आने पर जब पत्नी बाथरूम गई तो पता चला की वह नहीं है। काफी खोजबीन के बाद जब मरीज का पता नहीं चला तो परिजन ने घटना की सूचना अस्पताल प्रबंधन के साथ पुलिस को दी। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि मरीज बीच के गेट से बाहर निकला था। इधर परिजन गुम इंसान का मामला दर्ज कराने मणिपुर थाना गए तो पुलिस ने भर्ती पर्ची की मांग की जब परिजन वार्ड में भर्ती पर्ची की मांग की तो वार्ड से उन्हें भर्ती पर्ची ही नहीं दिया गया जिससे अब परिजन फरार मरीज की रिपोर्ट दर्ज कराने अस्पताल की चक्कर लगा रहे।

## शहर में सड़क पर कब्जा, तहसीलदार न्यायालय ने जारी किया बेदखली आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर शहर में शासकीय सड़क की भूमि पर कथित अतिक्रमण के मामले में राजस्व न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। न्यायालय ने भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 के तहत कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर बने ट्रिपल स्टोरी भवन, कार्यालय, फैक्ट्री एवं बाउंड्रीवाल को अतिक्रमण मानते हुए संबंधित कब्जाधारी रितेश अग्रवाल को बेदखल करने का आदेश जारी किया है।

- 3 दिन में हटेगा अतिक्रमण

राजस्व अभिलेखों के अनुसार सूरजपुर स्थित शासकीय सड़क मद में दर्ज भूमि पर पक्का ट्रिपल स्टोरी भवन, कार्यालय, फैक्ट्री एवं बाउंड्रीवाल का निर्माण कर कब्जा किया गया है। इसी आधार पर राजस्व न्यायालय में प्रकरण दर्ज कर सुनवाई प्रारंभ की गई। सुनवाई के दौरान आपत्तिकर्ता कुंजबिहारी गुप्ता ने न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत करते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर बने भवन में फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है तथा अतिक्रमण हटाया जाना आवश्यक है। दूसरी ओर रितेश अग्रवाल ने न्यायालय में विस्तृत जवाब पेश कर पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण और तथ्यों के विपरीत बताया। उन्होंने दावा किया कि पंचनामा उनकी अनुपस्थिति में तैयार किया गया, पुराने राजस्व नक्शे का सही परीक्षण नहीं किया गया तथा शासकीय भूमि पर कब्जे का आरोप निराधार है। उन्होंने दोनों पक्षों की उपस्थिति में पुनः सीमांकन और संयुक्त स्थल निरीक्षण कराने की मांग भी की। प्रकरण की सुनवाई के दौरान आपत्तिकर्ता ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के रिट क्रमांक 866/2026 डीके सोनी एवं अन्य बनाम शासन में पारित आदेश की प्रति भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की। राजस्व न्यायालय ने पटवारी की रिपोर्ट, अभिलेखों एवं प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद माना कि संबंधित भूमि शासकीय सड़क के रूप में दर्ज है। उस पर निर्माण कर कब्जा किया जाना प्रमाणित होता है। इसके आधार पर न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने एवं संबंधित व्यक्ति को बेदखल करने का आदेश पारित किया। आदेश में निर्देश दिया गया है कि संबंधित तीन दिवस के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाकर न्यायालय में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि में आदेश का पालन नहीं होने पर राजस्व विभाग नियमानुसार बेदखली की कार्रवाई करेगा।



## शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों को लड्डू के साथ मिली थाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

संकुल केंद्र मंगारी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया साथ ही बच्चों को लड्डू के साथ थाली वितरण किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाने के साथ ही संकुल समन्वयक लव कुमार गुप्ता ने नव पहल करते हुए प्राथमिक स्तर के कक्षा पहली के सभी नवप्रवेशी बच्चों को अपनी ओर से थाली प्रदान किया। संकुल केंद्र मंगारी अंतर्गत संचालित सभी प्राथमिक शाला के कर्मचारियों को कक्षा 2री से 5वीं तक के अध्ययनरत समस्त बच्चों को अपनी ओर से वितरण करने की बात कही। संकुल केंद्र के सभी प्रधान पाठक और कर्मचारियों ने प्राथमिक शाला मंगारी के शशि सरोज बरवा और सरिता एक्का, बनिया टिकरा से गंगेश्वर राम पैकरा और चिंतामणि मिंज, माझापारा से मंजुला शांता टोप्पो और अन्नपूर्णा मैडम, कपाट बहरी से वीरेंद्र भगत और विमला गुप्ता,कोरवापारा से आनंद राम,टुकूपानी से सुमति सिंह और रामेश्वरी सिंह ने सहमति जताते हुए थाली क्रय कर आज सभी बच्चों को प्रवेश उत्सव के अवसर पर थाली प्रदान किया। अब कोई भी बच्चा अपने घर से थाली लेकर नहीं आएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरि गुप्ता से माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए भी अपेक्षा जाहिर कि गई तो उन्होंने इस नई पहल की सराहना करते हुए 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। हरि गुप्ता ने कहा कि सुशासन की सरकार में बच्चों के सर्वांगीण विकास में कोई भी चीज बाधा नहीं आएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति पर अध्यक्ष दुर्योधन पैकरा और मुख्य अतिथि हरि गुप्ता द्वारा नगद पुरस्कार बच्चों को दिया गया। कार्यक्रम को नरेंद्र पैकरा, ईश्वर यादव,चूड़ामणि दास ने भी संबोधित किया। इस दौरान विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री शरद चंद्र मेषपाल, विनीत कुमार पाल, अनिल कच्छप,रजनीश प्रसाद मिश्र, जूगेश्वर राम, राम कुमारी दीवान, देवमती पैकरा, विनोद दास, राकेश प्रसाद द्विवेदी, लिली मॉरिश केरकेट्टा,जमुना नायक, ख्रीस्त मंजुला तिर्की, सुभद्रा माझी,लव कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार साहू सहित अन्य मौजूद रहे।



### छुट्टे की किल्लत से जूझ रहे स्थानीय व्यापारियों को एसबीआई व चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ने वितरित किए सिक्के

**बिश्रामपुर।** स्थानीय व्यापारियों को छुट्टे पैसों की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से बुधवार को बस स्टैंड बिश्रामपुर में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बिश्रामपुर के संयुक्त तत्वावधान में पांच,दस व बीस रुपये के सिक्कों का वितरण किया गया,कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारीयों ने कहा कि व्यापारियों की सुविधा और दैनिक कारोबार को सुगम बनाने के लिए इस प्रकार के आयोजन आगे भी किए जाते रहेंगे, ताकि चेंज पैसों सिक्कों की उपलब्धता बनी रहे और लेन-देन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल,जतिन तायल, विजय गोयल (कालू), प्रदीप गर्ग, नितिन गोयल, सावन गोयल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे,व्यापारियों ने अपनी आवश्यकता के अनुसार सिक्के प्राप्त किए और इस पहल की सराहना की।




## विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियों में जुटा सर्व आदिवासी समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राजपुर में आगामी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के भव्य आयोजन को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को गोंडवाना भवन में सर्व आदिवासी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजपुर विकासखंड के समाज के प्रमुख पदाधिकारियों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की।

- 9 अगस्त को मंडी प्रांगण में होगा भव्य आयोजन

बैठक में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत योजना तैयार की गई। बैठक में समाज की एकता, सांस्कृतिक विरासत एवं पारंपरिक पहचान को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विशाल रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक सहभागिता तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न आयोजन करने पर सहमति बनी। साथ ही जिले के सभी गांवों एवं पंचायतों से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई गई। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप देने की तैयारी चल रही है। आयोजन में हजारों की संख्या में समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है।

कार्यक्रम में सुबह सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित विभिन्न सामाजिक एवं पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित सभी सामाजिक प्रतिनिधियों ने समाज की एकजुटता को और मजबूत बनाने का संकल्प लेते हुए जिले के प्रत्येक गांव तक कार्यक्रम का संदेश पहुंचाने की बात कही। बैठक में विजय खुसरो, लालसाय मिंज, शिव शांडिल्य, कृष्णनाथ टोप्पो, अनिल भारती, बीरबल आयम, रंजीत बड़ा, अलविश बड़ा, सुरेंद्र किंडो, अनिल खलखो, पारसनाथ आयम, सरजू लकड़ा, आलोक सिंह एवं रघुनाथ अगरिया सहित सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



### अपने बच्चों के समान करें आंगनबाड़ी में बच्चों का पालन-पोषण: लक्ष्मी

# कुपोषण और एनीमिया के खिलाफ जमीनी स्तर पर तंत्र को करें मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति का आकलन किया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रेना जमील, जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले सहित दोनों विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने विभाग की स्थापना संबंधी जानकारी लेते हुए रिक्त पदों की समीक्षा की तथा सभी परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की अधोसंरचना की समीक्षा करते हुए भवनविहीन, किराए के भवनों में संचालित, मरम्मत योग्य, निष्प्रयोज्य योग्य जर्जर भवनों की जानकारी ली तथा निर्माणाधीन भवनों की प्रगति एवं भवन मरम्मत के लिए जारी राशि के व्यय की समीक्षा करते हुए सभी मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मंत्री ने मीठा शक्ति आहार, नमकीन दलिया निर्माण, रेडी-टू-ईट खाद्य सामग्री के वितरण तथा उसकी गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से फील्ड निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्रों के उन्नयन, पोषण ट्रैकर में नियमित प्रविष्टि तथा बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर जिले को कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त बनाने का लक्ष्य प्राप्त करें। उन्होंने कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों एवं एनीमिक महिलाओं को लाभान्वित करने की प्रगति, लक्षित हितग्राहियों के पर्यवेक्षण तथा चयनित स्व-सहायता समूहों की भूमिका की समीक्षा की। कुपोषण की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने तथा एनीमिक महिलाओं की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा नवा बिहान योजना की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने सभी परियोजनाओं में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्देश्य बच्चों का समग्र विकास और बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना है। बच्चों का पालन-पोषण अपने बच्चों की तरह करते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।






### नव-नियुक्त शिक्षकों ने परिवीक्षा की अवधि पूरी होने से पहले की स्थायीकरण की मांग, सौपा ज्ञापन

**धौरपुर।** विकासखंड लुंड्रा में पदस्थ नवनियुक्त शिक्षकों ने तीन साल की परिवीक्षा अवधि सितंबर में पूरी होने से पहले ही स्थायीकरण की प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। शिक्षकों ने इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक अजय सिंह एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जय प्रकाश गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि परिवीक्षा अवधि खत्म होने से पहले विभागीय मूल्यांकन, गोपनीय प्रतिवेदन, सेवा सत्यापन एवं अन्य जरूरी औपचारिकताओं की प्रक्रिया समय रहते शुरू की जाए। शिक्षकों का कहना है कि इससे परिवीक्षा पूरी होते ही नियम के अनुसार स्थायीकरण आदेश जारी हो सकेगा और प्रशासनिक देरी से बचाव होगा। शिक्षकों ने कहा कि समय पर प्रक्रिया शुरू होने से विभागीय काम भी आसान होगा। पात्र शिक्षकों को स्थायीकरण का लाभ नियम के अनुसार समय पर मिल सकेगा। उन्होंने प्रशासन से इस पर सकारात्मक पहल कर जल्दी कार्रवाई करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### घाट पेंडारी में पलटा ओवर लोड ट्रक, चालक व क्लीनर ने ट्रक से कूद कर बचाई जान

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर–पेंडारी घाट मार्ग लगातार सड़क दुर्घटनाओं के कारण क्षेत्र के सबसे खतरनाक मार्गों में गिना जाने लगा है। दोपहर की घटना से घाट पिंडारी घाट पर फिर से एक बार सवाल खड़े हो गए हैं। दिल्ली से उत्तर प्रदेश जा रहा लोहा के चादर लोड ट्रक फिर से एक बार दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। बताया जा रहा है कि ओवरलोड के कारण ट्रक खाई में जा गिरी, जिससे ड्राइवर एवं क्लीनर खुद कूद जान बचाई नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। घुमावदार मोड़, तीखी ढलान, पहाड़ी क्षेत्र और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण यहां आए दिन सड़क हादसे होते रहते है। दुर्घटना में अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है, जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से इस घाट में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, सड़क का चौड़ीकरण करने, पर्याप्त चेतावनी संकेत लगाने, क्रैश बैरियर, स्ट्रीट लाइट और नियमित रखरखाव की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस और स्थायी पहल नहीं हो सकी है। ऐसे में हर कुछ दिनों में किसी न किसी वाहन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है। ग्रामीणों और वाहन चालकों का आरोप है कि बरसात के मौसम में यह मार्ग और अधिक खतरनाक हो जाता है। फिसलन, खराब दृश्यता और सड़क की जर्जर स्थिति के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पेंडारी घाट को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए तत्काल विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। सड़क का तकनीकी सर्वे कराकर आवश्यक सुधार कार्य, सुरक्षा रेलिंग, चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर, स्पीड कंट्रोल उपाय सहित अन्य मांगें की है।

## बारिश से खेती किसानी के कार्य जोरो पर

# जिले में रुक-रुक कर हो रही बारिश से क्षेत्र के सभी नदी-नाले उफान पर



ऊफान पर सिंदूर नदी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिले में 6 जुलाई से बारिश का दौर प्रारंभ हुआ था तब से लेकर आज पूरे जिले भर में रुक-रुक कर लगातार बारिश का दौर प्रारंभ है। लगातार बारिश की वजह से जहां नदी नाले उफान पर हैं वहीं जिले भर के सभी तालाबों में पानी लबालब भरा हुआ है।

क्षेत्र में लगातार बारिश के वजह से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं सभी किसान अपने-अपने खेती किसानी में लग गए हैं। जिला मुख्यालय के आसपास एवं गांव में सभी लोग खेती किसानों के कार्य में लगे हुए हैं। जिन लोगों का धान का पौधा तैयार हो गया था वे लोग रोपाई के काम में लगे हैं और जिनका पौधा तैयार होने वाला है वे लोग खेत तैयार करने में लगे हैं। जिले में 50 प्रतिशत से ज्यादा किसान धान रोपाई का काम कर चुके हैं शेष किसान अगले कुछ दिन में अपने खेती रोपाई पूरा कर लेगें। किसानों ने बताया कि अभी खरीफ फसल की तैयारी में लगे हैं। अगले एक सप्ताह के अंदर खरीफ फसल के कार्य से पूरा हो जाएगा। जिस गति से बारिश अभी हो रही है आगे भी उसी गति से होते रहे तो हम लोगों को नुकसान नहीं होगा और लगभग हर खेतों में पानी पर्याप्त है। लगातार बारिश की वजह से जहां खेती किसानी के कार्य प्रगति में है। जिला मुख्यालय की सिन्दूर नदी, चनान नदी उफान पर है और पानी की तेज प्रवाह लगातार जारी है। नदियों के उफान के अलावा मुख्यालय के कई तालाब लबालब भर गई है। लगातार बारिश से जहां पानी की पूर्ति हर जगह हो गई है वहीं लगातार बारिश के वजह से कई जगह पर समस्या खड़ी हो गई है।

### नपा व राजस्व अमले की संयुक्त टीम ने तुरियापारा में अतिक्रमण हटाकर किया जलभराव का स्थायी समाधान

**सूरजपुर।** बरसात के मौसम में शहरवासियों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने हेतु नगर पालिका व राजस्व अमले की संयुक्त टीम द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 9 स्थित आईडिया टावर के समीप तथा तुरियापारा सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर वर्षों से अतिक्रमण को हटाते हुए जल निकासी की व्यवस्था को सुचारू एवं दुरुस्त करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। संयुक्त टीम द्वारा चिन्हांकित स्थलों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए नालियों एवं जल निकासी मार्गों में बाधा बन रहे अवैध निर्माणों तथा अतिक्रमणों को चिन्हित कर हटाया जा रहा है, जिससे वर्षा जल का सुगम प्रवाह सुनिश्चित हो सके और नागरिकों को जलभराव की समस्या से स्थायी निजात मिल सके। अभियान के दौरान संबंधित क्षेत्रों में जल निकासी की सतत निगरानी भी की जा रही है, ताकि किसी भी स्थान पर पानी रुकने की स्थिति उत्पन्न न हो। सीएमओ मनीष गायकवाड ने स्पष्ट किया गया है कि जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। शहर के विभिन्न वार्डों में जहां-जहां जल निकासी बाधित होने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है, जिससे मानसून सीजन में नागरिकों को अधिकतम राहत प्रदान की जा सके। कार्रवाई मे तहसीलदार सूर्यकांत साय व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।





## तहसीलदार ने तीन नव नियुक्त एल्डरमैन को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की उपस्थिति में नगर पंचायत सभा कक्ष में शासन द्वारा कुसमी नगर पंचायत में 3 मनोनीत नव नियुक्त एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है। तहसीलदार रॉकी एक्का द्वारा नव नियुक्त एल्डरमैन उमेश्वर ओझा, केदार प्रसाद गुप्ता, ममता पैकरा को शपथ दिलाई।

शपथ समारोह में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा सहित उपस्थित सभी भाजपा वरिष्ठ नेता सहित अतिथियों का कुसमी नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित नपं अध्यक्ष,उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों द्वारा स्वागत किया गया। सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि सभी पार्षद एवं नगर वासियों की सहयोग से नगर पंचायत में विकास कार्य कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा तीनों एल्डरमैन की नियुक्ति बहुत ही सोच समझ कर की गई है जिससे नगर पंचायत कुसमी का चौमुखी विकास कार्य हो सके। सभी को आपसी सामंजस्य से नगर का विकास करना है। विगत दिन हुए मूसलाधार वर्षा से कई लोगों के दुकान एवं घर में काफी पानी घुस गया था जिससे काफी नुकसान हुई है। नगरवासी एक जगह बैठकर पानी निकासी हेतु जमीन देने संबंधित समाधान निकालिए, शासन से नाली निर्माण हेतु राशि तत्काल उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान हिरामुनी निकुंज, राजेंद्र भगत, बसंती भगत, आनंद जायसवाल, अशोक सोनी, अरविंद विश्वकर्मा, जन्मजय सिंह, लक्ष्मण पैकरा, रामानंद यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



### नगर पंचायत के मनोनीत एल्डरमैन को दिलाई गई शपथ

**सीतापुर।** नगर पंचायत में शासन द्वारा नगर मनोनीत तीन एल्डरमैन को शपथ दिलाई गई। सांस्कृतिक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विधायक रामकुमार टोप्पो द्वारा पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। एसडीएम फागेश सिन्हा ने मनोनीत एल्डरमैन नेमलाल गुप्ता, अनेश्वर गुप्ता एवं अमृता पैकरा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि सभी तालमेल बनाकर नगर के विकास में जुट जाए। इस दौरान जहां भी मेरी जरूरत पड़ेगी वहां पूरा साथ दूंगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका नीलम सोनी ने किया। इस दौरान प्रेमदान कुजूर, विवेक नामदेव, नीरू मिस्त्री, अंकुर दास, भवानी सिंह, अनमोल लकड़ा, विकास एक्का, राजेश कंदरा, जगमतिया पैकरा, मीरा पैकरा, श्वेता अग्रवाल, चितरंजन पैंकरा, शंकर गुप्ता, त्रिलोचन सदावर्ती, राजकुमार गुप्ता, रोशन गुप्ता, विष्णु अग्रवाल, रूपेश गुप्ता, दिलेश्वर बेहरा, इलू गुप्ता, खेमानिधि शाह, दिलेश तिग्गा, सीएमओ ओमप्रकाश शर्मा, राजस्व निरीक्षक मोहन यादव, जॉनीदिप चौबे, बबली दास, विवेक गुप्ता, लाडल खान, इमरान खान, बसंत गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## मिठाई का पैकेट व मोबाइल दिलाने की लालच देकर मासूम का अपहरण, पुलिस सर्चिंग में 9 घंटे बाद सकुशल बरामद

- बच्चे का मुंह व हाथ बांधकर एक ट्रक के केबिन में रखा गया था, बिश्रामपुर पुलिस अपराध दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की फूटेज खंगाल रही

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन के रैक प्वाइंट समीप स्थित झुग्गी बस्ती से एक पांच वर्षीय बच्चे के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से बुधवार शाम हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने देर रात तक सर्चिंग अभियान चलाया और करीब नौ घंटे बाद बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2)/173 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बुधवार शाम करीब साढ़े चार से पांच बजे के बीच बच्चा अन्य बच्चों के साथ रेलवे स्टेशन के पास मैदान में खेल रहा था। इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा और बच्चों को मिठाई खिलाने लगा। बच्चों के अनुसार युवक ने पांच वर्षीय बच्चे को मोबाइल और मिठाई का पैकेट देकर अपने साथ घूमने चलने की बात कही और उसे वहां से ले गया। काफी समय गुजर जाने के बाद तक बच्चा जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। साथ खेल रहे बच्चों से पूछताछ में मिठाई का लालच देकर युवक द्वारा बच्चे को ले जाने की जानकारी मिलने पर परिजन घबराकर सीधे बिश्रामपुर थाने पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन देर रात तक बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर मध्यरात्रि में पुनः सघन सर्चिंग अभियान चलाया। लगातार तलाश के बाद पुलिस ने रात्रि करीब 1:45 बजे बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। दूसरे दिन पूछताछ में बच्चे ने बताया कि युवक उसे मोबाइल और मिठाई देकर अपने साथ ले गया था तथा एक ट्रक के केबिन में उसका मुंह बांधकर रखा था,घटना रेलवे रैक प्वाइंट में खड़े ट्रकों के बीच घटित होना बताया जा रहा है। पुलिस ने बच्चे के बताए अनुसार एक संदिग्ध ट्रक को थाने में खड़ा कर उसके मालिक से पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि ट्रक मालिक के बयान में विरोधाभास सामने आने से मामला और उलझ गया है। आरोपी युवक घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य किए जाने की आशंका भी जताई जा रही है, हालांकि इसकी फिलहाल पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस इस पहलू सहित मामले के सभी बिंदुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। रैक प्वाइंट और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चे की सकुशल बरामदगी से जहां परिजनों ने राहत की सांस ली है, वहीं इस घटना ने क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## दलाल के साथ मथुरा गए युवक की जानकारी नहीं मिलने से परिजन परेशान

- अधिक कमाई की लालच में युवक गया था मथुरा, परिजन से नहीं हो रहा संपर्क

**बिहारपुर।** दलाल के बहकावे में आकर अधिक कमाई की लालच में मथुरा गए युवक के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिलने से परिजन परेशान हैं तथा पुलिस थाने का चक्कर लगा रहे हैं।परिजन ने बताया कि बलंगी निवासी माणिक चंद जायसवाल ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को विभिन्न राज्यों में भेजता है। उसने ग्राम महुली निवासी भैयालाल अगरिया आ.संतु अगरिया (30वर्ष) से संपर्क किया तथा मथुरा स्थित किसी कंपनी में अधिक मजदूरी दिलाने का झांसा देकर भैयालाल को प्रभावित किया। दलाल से बात होने के बाद वह क्षेत्र में मजदूरी न कर मथुरा जाने की जिद करने लगा तथा माणिकचंद के साथ 1 जुलाई को मथुरा जाने की बात कह घर से निकल गया। उसने 3 जुलाई को परिवार के सदस्यों से बात की तथा मथुरा पहुंचने की जानकारी दी। इसके बाद परिजन बार-बार भैयालाल से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उससे बात नहीं हो रही है। परेशान परिजन ने माणिकचंद से संपर्क किया तो उसने भैयालाल को वापस घर जाने के लिए रवाना होने एवं भविष्य में उसके बारे में बात नहीं करने की चेतावनी दी। अब तक न तो भैयालाल घर लौटा है न ही उसे मथुरा ले जाने वाला माणिक चंद ही फोन रिसीव कर रहा है जिससे परिजन परेशान है। उसकी पत्नी ने बताया कि भैयालाल की जानकारी नहीं मिलने की शिकायत पर चांदनी पुलिस ने गुमशुदगी का मामला पंजीबद्ध किया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक भैयालाल को ले जाने वाले माणिकचंद से संपर्क नहीं किया है। परिजन भैयालाल को बंधक बनाने की संभावना से परेशान है।

इस संबंध में थाना प्रभारी रामप्रताप साहू ने बताया कि मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है तथा भैयालाल की तलाश में पुलिस टीम को मथुरा भेजने की तैयारी की जा रही है।

### जोरो पर मानव तस्करी

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में रोजगार के साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण जनजातीय आबादी मजदूरी पर निर्भर है। क्षेत्र के मैदानी इलाकों में धान एवं पठारी इलाकों में मक्का व अरहर की खेती होती है। रबी की फसल बेहद कम क्षेत्र में होती है। ऐसे में दलाल मजदूरों को अधिक मजदूरी दिलाने की लालच देकर दिल्ली, कोलकाता, गोवा, चेन्नई, बंगलोर, उड़ीसा आदि राज्यों की औद्योगिक इकाइयों में पहुंचा देते हैं। इसके बदले में दलालों को भी कमीशन मिलता है। दलालों से जनजातीय समाज के किशोर भी सुरक्षित नहीं है। ऐसे भी कई मामले सामने आ चुके हैं जिसमें बंधक का जीवन गुजारने के बाद कई वयस्क एवं किशोर मजदूरों की मौत होने के बाद उनका शव पहुंचा है। भैयालाल के जाने के बाद उसकी पत्नी श्रीदेवी अपने तीन बच्चों के साथ दाने-दाने के लिए मोहताज है। उसने कलेक्टर जनदर्शन में भी गुहार लगाई है।

### एकलव्य विद्यालय में कक्षा 11वीं में प्रवेश 15 अगस्त तक

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदिम जाति विकास विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैनपाट में कक्षा 11वीं के छात्रों हेतु 24 रिक्त सीटों में चयनित छात्रों का प्रवेश 25 जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई थी। तिथि में आंशिक संशोधन करते हुए प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अगस्त 2026 तक निर्धारित की गई है।

